3322(E)
19/05/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 12/05/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सोनपुर के अन्तर्गत Construction of Parsa Bypass Road in Saran (Chapra) District (Total Length-7.70 Km.) for the year 2022-23 कार्य के Additional Performance Security संवेदक को वापस करने पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–968(अनु०) दिनांक–18.03.2026 के माध्यम से प्राप्त Additional Performance Security संवेदक को वापस करने पर निर्णय हेतु अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :– | Construction of Parsa Bypass Road in Saran (Chapra) District (Total Length-7.70 Km.) for the year 2022-23 |
| (ii) | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | :– | ₹8524.19 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–5060(S) दिनांक 30.09.2022 |
| (iii) | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | :– | ₹9251.90 लाख।<br>मु०अभि०, के०नि०सं०, प०नि०वि० का पत्रांक–956(अनु०), दिनांक 23.04.2022 |
| (iv) | एकरारनामा संख्या | :– | 02/SBD/2024-25 |
| (v) | एकरारनामा की राशि | :– | ₹ 30,30,60,973.00 |
| (vi) | संवेदक का नाम | :– | M/S Sunny Engineering Works |
| (vii) | एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि | :– | 28.02.2024 |
| (vii) | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | :– | 27.08.2025 |

3. <u>संवेदक द्वारा एकरारनामा के समय जमा की गई Additional Performance Security को वापस करने का कारणः–</u>

(i) विषयांकित कार्य की एकरारनामा सं०–02/SBD/2024-25 के अनुसार कार्य आरंभ की तिथि 28.02.2024 एवं समाप्ति की तिथि 18 माह यानि 27.08.2025 निर्धारित है।

(ii) उक्त कार्य की एकरारनामा के समय संवेदक द्वारा अतिरिक्त Performance Security के रूप में BG No.-256GPGE241245005 dt.-03.05.2024 Rs. 46605000.00 दी गई थी, जिसकी वैद्यता की तिथि 26.04.2025 तक थी।

(iii) कार्यपालक अभियंता का पत्रांक–508, दिनांक–04.04.2025 द्वारा संबंधित बैंक/संवेदक को क्रमांक–(ii) पर दी गई बैंक गारंटी को अवधि विस्तार हेतु पत्र दिया गया।

(iv) संवेदक/बैंक द्वारा उक्त गारंटी की अवधि विस्तार दिनांक–25.07.2025 तक ही किया गया है।

(v) कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रतिवेदित है कि परसा बाईपास निर्माण में कुल अधिग्रहित की जाने वाली भूमि 56.7836 एकड़ है, जिसमें से 12.2546 एकड़ सरकारी भूमि का दखल दहानी प्राप्त है, जिसमें आंशिक रूप से कार्य कराया गया है। शेष रैयती भूमि प्राप्त नहीं होने के कारण कार्य बन्द है।

(vi) एकरारनामा के समय दी गई अतिरिक्त Performance Security के रूप में BG No.-256GPGE241245005 Rs. 46605000.00 को अवधि विस्तार न करने/वापस करने हेतु संवेदक द्वारा अनुरोध किया गया है।

(vii) संवेदक के पत्रांक–SEW/2024-25/978, दिनांक–13.05.2025 के द्वारा अभ्यावेदन दिया गया है, जिसमें अंकित किया गया है कि भूमि अनुपलब्धता के कारण Plant & Machineries, Site Office एवं तकनीकी कर्मचारियों पर काफी अधिक खर्च करना पड़ रहा है, जिससे Financial Crunch की स्थिति उत्पन्न हो गई है। फलतः Additional Performance Security को 25.07.2025 के पश्चात् अवधि विस्तार न करने/वापस करने हेतु अनुरोध किया गया है।

(viii) संवेदक से वार्त्ता के क्रम में संवेदक द्वारा आश्वस्त किया गया है कि विषयांकित कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण होने के उपरांत कार्य की शुरूआत के पूर्व ही Additional Performance Security जिसकी राशि Rs. 46605000.00 पुनः जमा कर दिया जायेगा।

**4. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–**

कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के अनुशंसा के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य में संवेदक द्वारा शपथ पत्र लेकर एकरारनामा के समय जमा की गई Additional Performance Security को वापस करने की अनुशंसा इस शर्त्त के साथ की जाती है कि कार्य प्रारंभ करने के पूर्व संवेदक द्वारा Rs. 46605000.00 मात्र का Additional Performance Security जमा कर दी जायेगी।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–968(अनु०) दिनांक–18.03.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, सोनपुर के अन्तर्गत **Construction of Parsa Bypass Road in Saran (Chapra) District (Total Length-7.70 Km.) for the year 2022-23** कार्य के लिये एकरारनामा के समय जमा की गई **Additional Performance Security** को वापस करने का निदेश इस शर्त्त के साथ दिया जाता है कि संवेदक **M/S Sunny Engineering Works** से शपथ पत्र प्राप्त कर लिया जायेगा कि भूमि उपलब्धता के उपरान्त कार्य प्रारंभ करने के पूर्व संवेदक **M/S Sunny Engineering Works** द्वारा **Rs. 46605000.00** मात्र का **Additional Performance Security** जमा कर दिया जायेगा।

5.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

13/05/26 — (मजीद अहमद) आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

13/05/26 — (सुनील कुमार सुमन) मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

13/05/26 — (उमा कान्त रजक) अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(पंकज कुमार पाल) सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/विविध–04–08/2025 3322(E) पटना, दिनांक 19/05/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ अधीक्षण अभियंता, वैशाली पथ अंचल, हाजीपुर/ कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/ आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/05/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।